जनपद हमीरपुर

दिनांक 08.09.2026

**अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया।**

आज दिनांक 08.09.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक,जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में-

◆ साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया तथा अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई।

◆ पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं फिट बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई।

◆ दंगा नियंत्रण उपकरण के साथ अभ्यास कराया तथा अभ्यास के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं कार्यवाही के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

◆ पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

◆ रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।